## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
## संकलित परीक्षा - 2 (२०१६ - २०१७)
## कक्षा - दसवीं
## पाठ्यक्रम - हिंदी 'ब'

निर्धारित समय - ३ घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक -९०

समान्य निर्देश

1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए

### खंड क

१. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छांटकर लिखिए

भारत एक स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। इस राष्ट्र में दक्षिण में स्थित कन्याकुमारी से लेकर **उत्तर** में **कश्मीर** तक विस्तृत भू भाग है। यह भू भाग अनेक राज्यों के मध्य बंटा हुआ है। यहां अनेक धर्मानुयायी तथा भाषा भाषी लोग रहते हैं। संपूर्ण राष्ट्र  का एक ध्वज, एक लोकसभा, एक राष्ट्रचिन्ह तथा एक ही संविधान है। भारत की सर्वाधिक उल्लेखनीय विशेषता विविधता में एकता है। यहां पर विभिन्न धर्म, जाति तथा संप्रदाय के लोग रहते हैं। सभी लोग के **रीति रिवाजों**, बोली, भाषा व रहन सहन भिन्न भिन्न हैं। भौगोलिक दृष्टि से देखें तो यहां पर ऊंचे ऊंचे पहाड **हैं** तो कही समतल है। कही उपजाऊ भूमि तो **कहीं** रेगिस्तान। दक्षिण में हिंद महासागर लहलहाता है। आधुनिक काल में एक से एक द्रुतगामी यातायात के साधन बन चुके है जिससे देश की यह भौगोलिक सीमा सिकुड गई है। अब एक भाग से दूसरे भाग में हम शीघ्र ही पहुंच सकते है। सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो संपूर्ण देश में एक अदभुत समानता दिखाई पड़ती है। विभिन्न धर्मो के धर्मावलंबी संपूर्ण देश में पाए जाते हैं। इसके बावजूद सारा देश वस्तुतः एक ही सूत्र मे बंधा है। भारतीय संस्कृति में ढले प्रत्येक व्यक्ति की अपनी पहचान  है। इस पहचान

के कारण इस देश के लोग एक दूसरे से अपना भिन्न अस्तित्व रखते **हैं**। यह सांस्कृतिक एकता ही वस्तुतः इस देश की यह शक्ति है जिससे इतना बडा देश एक सूत्र मे बंधा हुआ है।विविधता में एकता की इसी विशेषता पर सभी भारतीय गर्व करते है तथा इस पर संसार दंग है। ऱाष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अनेक प्रयत्न किए गए है। जनता में जागृति भी आई किंतु स्थायी नहीं रह पाती। चाहे **स्थिति** में बहुत **बड़ा** परिवर्तन नही आया परंतु शनैः शनैः भावनात्मक एकता का विकास हुआ। इस समय **कहीं–कहीं** पृथकतावादी विचारधारा पनप रही है और हमें ऐसी स्थिति में प्रत्येक भारतीय को संकीर्ण विचारधारा का परित्याग कर व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। तभी हमारी राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण बनी रह सकती है, जो आज की एक महत्वपूर्ण अपेक्षा है।

2x6=12

क) राष्ट्र का निर्माण कौन सी चीजें मिलकर कर सकती हैं?

ख) भारत की उल्लेखनीय विशेषता क्या है?

ग) देश की भौगोलिक सीमा किस प्रकार सिकुड गई प्रतीत होती है?

ध) सांस्कृतिक दृष्टि से देश में क्या समानता दिखाई पडती है?

ड) भारत में अनेकता में एकता कैसे है?

च) हमारी राष्ट्रीय एकता कैसे अक्षुण्ण बनी रह सकती है?

प्र. 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए 2x4=8

जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद। जीवन अस्थिर, अनजाने ही हो जाता पथ पर मेल कहीं, सीमित पग पग लंबी मंजिल तय कर लेना कुछ खेल नहीं, दांए बांए सुख-दुख चलते सम्मुख सम्मुख चलता पथ का **प्रमाद**, जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद।

जो साथ न मेरा दे पाए, उनसे कब सूनी हुई डगर, मै भी न चलूं यदि तो भी क्या राही मर लेकिन राह अगर इस पथ पर वे ही चलते हैं, जो चलने का पा गए स्वाद जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस उस राही को धन्यवाद।

क) कवि के अनुसार जीवन कैसा है?

ख) जीवन रुपी यात्रा में कैसे कैसे अनुभव आते है?

ग) मंजिल तय करना खेल क्यों नहीं है?

ध) कवि किसको धन्यवाद करता है और क्यों?

**खंड ख**

प्र. 3

क) उदाहरण से शब्द व पद का अंतर स्पष्ट कीजिए 1

ख) व्याकरण के नियमों से बंधे वाक्य में प्रयुक्त शब्द को _____कहते है 1

ग) निर्देशानुसार वाक्य रुपांतरण कीजिए 1x3=3

(i) कपिल ने बुलाया पर यश नही आया (सरल वाक्य)

(ii) कल बहुत सर्दी होने के कारण हम कहीं नहीं गए (संयुक्त वाक्य)

(iii) सदाचारी लोग सबका आदर पाते हैं (मिश्र वाक्य)

प्र. 4 क) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए

(i) शुभागमन 1

(ii) वीणापाणि 1

ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त पद रूप में लिखकर समास का नाम लिखिए

(i) जीवन से मुक्त 1

(ii) सात सौ (दोहों) का समाहार 1

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए

यदि मनुष्य मन में दृढ़ निश्चय कर ले तो वह _________सकता है। 1

प्र. 5

क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए

(i) कुसंग सदबुद्धि और विवेक का नाश करती है। 1

(ii) उस मकान के गिरने की आशा है। 1

(iii) उसने आने के लिए बोला था। 1

(iv) सभी नेताओं के **जोशीला** भाषण दिया था। 1

ख) सन्नाटे में होना मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। 1

**खंड - ग**

प्र. 6 निम्नलिखित प्रश्नों के **उत्तर** दीजिए

क) पाठ 'गिन्नी का सोना' के संदर्भ में शुद्ध आदर्श क्या है? 2

ख) जनरल साहब के बावर्ची ने कुत्ते के बारे मे क्या कहा? 2

ग) अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं? 1

प्र. 7 'मट्टी से मट्टी मिले' का आशय स्पष्ट कीजिए? 5

प्र. 8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उतर लिखिए

किस्सा क्या हुआ था उसको पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुंचा दिया और तीन लाख रूपया सालाना वजीफा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे

कलकता (कोलकता) तलब किया। वजीर अली कंपनी के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकता में क्यों तलब करता है। वकील ने उसकी शिकायत की परवाह नहीं की, उलटा उसे भला बुरा सुना दिया। वजीर अली के दिल में तो अंग्रेजो के खिलाफ कूट कूटकर भरी नफरत को उसने अपने खंजर से वकील का काम तमाम करके किया।

क) यहां किस किस्से की बात की गई? 2

ख) वजीर अली किस बात से गवर्नर जनरल से नाराज हो गया? 2

ग) वजीर अली ने वकील का कत्ल क्यों किया? 1

प्र. 9क) कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है? 2

ख) पीले वस्त्र में सुशोभित कृष्ण के रूप में सौंदर्य का वर्णन कीजिए 2

ग) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ की है? 1

प्र. 10. कर चले हम फिदा गीत के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? 5

अथवा

आत्मत्राण कविता में कवि की प्रार्थना सबसे भिन्न क्यों है?

प्र. 11. टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर बच्चो की मनोवृति पर किस प्रकार प्रकाश डाला गया है? 5

अथवा

सपनों के से दिन पाठ के आधार पर आजकल स्कूली शिक्षा प्रणाली में क्या परिवर्तन आए हैं?

**खंड घ**

प्र. 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

क) बालिका शिक्षा आज की आवश्यकता

- सर्वसमान
- लिंग के आधार पर अंतर गलत
- बालिका से परिवार का आधार
- उज्जवल भविष्य

ख) विश्वशांति

- शब्द का अर्थ
- आवश्यकता
- संभावित उपाय
- लाभ

ग) हस्तकला तथा शिल्प

- भूमिका
- इतिहास
- वर्तमान **स्थिति**
- भविष्य

प्र. 13. अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को पत्र लिखिए

5

अथवा

टी. वी. पर प्रसारित होने वाले ऐतिहासिक धारावाहिकों की प्रशंसा करते हुए सूचना मंत्रालय को पत्र लिखिए।

प्र. 14. आप विद्यालय में 'रक्त दान' शिविर का आयोजन करना चाहते हैं। इसी से संबधित सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए। 5

प्र. 15. वर्षा के पश्चात अपने आस पास के इलाके की सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के संबध मे दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

प्र. 16. आप अपनी साइकिल बेचना चाहते हैं उससे संबधित विज्ञापन तैयार कीजिए। 5